TEACHERS OF BIHAR

# दैनिक ज्ञानकोश

सीखें-सिखाएं, बिहार को आगे बढ़ायें




teachersofbihar@gmail.com

https://twitter.com/teachersofbihar

https://www.youtube.com/c/teachersofbihar

19 अगस्त 2025

# Teachers of Bihar


The Change Makers

## आज का सुविचार

ईमानदारी से जीवन जीने वाला व्यक्ति

हमेशा सम्मान पाता है।

**चाणक्य**



राकेश कुमार

मधु प्रिया

# विश्व मानवतावादी दिवस 19 अगस्त




विश्व मानवतावादी दिवस प्रत्येक वर्ष 19 अगस्त को मनाया जाता है। यह दिन उन लोगों की स्मृति में मनाया जाता है, जिन्होंने विश्व स्तर पर मानवतावादी संकट में अपनी जान गवाई या माननीय उद्देश्यों के कारण दूसरों की सहायता हेतु अपने प्राणों को आहूत कर दिया। वर्ष 2008 में एक प्रस्ताव पारित कर विश्व मानवता दिवस पहली बार संयुक्त राष्ट्र महासभा द्वारा मनाया गया था। इस प्रस्ताव को स्वीडन ने प्रायोजित किया था। दरअसल आज से 17 साल पहले इराक की राजधानी बगदाद में आज के दिन यानी 19 अगस्त 2003 को संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय पर हमला किया गया था। इस हमले में संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय के 22 सहकर्मी मारे गए थे, जिनमें इराक में यूएनओ महासचिव के विशेष प्रतिनिधि सर्जियो विएरा डी मेलो की भी बम विस्फोट के कारण मृत्यु हो गई। इसके बाद 19 अगस्त को विश्व मानवता दिवस के रूप में मनाने का फैसला किया गया था। विश्व मानवता दिवस पर विश्वस्तरीय नेताओं से अपील की जाती है, कि वे अपनी शक्तियों का इस्तेमाल करके इन संघर्षों से प्रभावित होने वाले लोगों की हर संभव मदद करें।

# जयंती विशेष 19 अगस्त



आधुनिक युग के महान निबन्धकार, उपन्यासकार एवं उत्कृष्ट समालोचक
पद्मभूषण से सम्मानित साहित्यकार आचार्य

## हजारी प्रसाद द्विवेदी जी

की जयंती पर

कोटि-कोटि नमन

**हज़ारी प्रसाद द्विवेदी** *Hazari Prasad Dwivedi,* जन्म: 19 अगस्त, 1907 - मृत्यु: 19 मई, 1979) हिन्दी के शीर्षस्थ साहित्यकारों में से हैं। वे उच्चकोटि के निबन्धकार, उपन्यासकार, आलोचक, चिन्तक तथा शोधकर्ता हैं। साहित्य के इन सभी क्षेत्रों में द्विवेदी जी अपनी प्रतिभा और विशिष्ट कर्तव्य के कारण विशेष यश के भागी हुए हैं। द्विवेदी जी का व्यक्तित्व गरिमामय, चित्तवृत्ति उदार और दृष्टिकोण व्यापक है। द्विवेदी जी की प्रत्येक रचना पर उनके इस व्यक्तित्व की छाप देखी जा सकती है।

TOB

खेल कॉर्नर

# पैडल खेल

पैडल (Padel) एक रैकेट गेम है, जिसे टेनिस और स्क्वैश का मिश्रण माना जाता है और यह मुख्य रूप से डबल्स फॉर्मेट में खेला जाता है। इसका कोर्ट टेनिस कोर्ट से छोटा होता है, लगभग 20 मीटर लंबा और 10 मीटर चौड़ा, और चारों तरफ कांच व जाली की दीवारों से घिरा होता है, जिससे गेंद दीवार से टकराकर भी खेल में बनी रहती है, ठीक स्क्वैश की तरह।

पैडल में इस्तेमाल होने वाला रैकेट टेनिस रैकेट से छोटा और बिना स्ट्रिंग का होता है, जिसमें छेद बने होते हैं, जबकि गेंद टेनिस बॉल जैसी होती है। लेकिन उसमें दबाव थोड़ा कम होता है, जिससे खेल तेज होने के बावजूद कंट्रोल में रहता है।

पैडल की शुरुआत 1969 में मैक्सिको में हुई थी, लेकिन आज यह स्पेन, अर्जेंटीना, यूएई और यूरोप के कई देशों में बेहद लोकप्रिय है। भारत में पैडल खेल की लोकप्रियता पिछले कुछ वर्षों में तेजी से बढ़ी है। भारत में यह खेल अभी नया है, मगर मुंबई, दिल्ली और पंजाब जैसे शहरों में इसके कोर्ट तेजी से बन रहे हैं और खेल का दायरा बढ़ रहा है।



राकेश कुमार

Teachers of Bihar
The Change Makers

# शिक्षा शब्दकोश

आज का शब्द 19.08.2025

## विश्लेषणात्मक कौशल

विश्लेषणात्मक कौशल **(Analytical skills)** का अर्थ है समस्याओं को समझने और उनका समाधान खोजने के लिए तर्क और आलोचनात्मक सोच का उपयोग करना। यह कौशल जटिल डेटा को समझने, पैटर्न खोजने, और ठोस निष्कर्षों पर पहुंचने में मदद करता है।

# रोचक तथ्य/सामान्य ज्ञान



**आपको पता है बिना मिट्टी के भी खेती की जा सकती है? एरोपोनिक्स (Aeroponics) एक ऐसी हाईटेक कृषि तकनीक है जिसमें मिट्टी की जरूरत नहीं होती और पौधों की जड़ों पर सीधे पोषक धुंध स्प्रे की जाती है, जिससे पारंपरिक खेती की तुलना में लगभग 90% कम पानी लगता है और फसल तेजी से, कम जगह में उगाई जा सकती है।**



राकेश कुमार

# Teachers of Bihar

The change makers



## गुणकारी सब्जियां

### टमाटर



मुझमें vit.C , A
लायकोपीन,
कैल्शियम और
फास्फोरस आदि पाया
जाता है। मुझे फल
और सब्जी दोनों का
दर्जा प्राप्त है।

Anu priya

# पद्य पंकज

"

सच है विपत्ति जब आती है,
कायर को ही दहलाती है,
सुरमा नहीं विचलित होते,
क्षण एक नहीं  धीरज खोते,
विघ्नों को गले लगाते हैं,
काटों में राह बनाते हैं!

**रामधारी सिंह दिनकर**

Madhu priya

www.padyapankaj.teachersofbihar.org


19 अगस्त
जब आप कैमरे की नजर से,
दुनिया को देखना शुरू करते हैं,
तो एक अलग ही दुनिया दिखती है,
जो बहुत ही खूबसूरत होती है...
हैप्पी वर्ल्ड
फोटोग्राफी डे
समस्त छायाकारों को हार्दिक शुभकामनाएं
TEACHERS OF BIHAR
THE CHANGE MAKERS
Madhu priya
www.teachersofbihar.org



TEACHERS OF BIHAR
THE CHANGE MAKERS
19 अगस्त
विश्व
मानवतावादी
दिवस
हम प्रण लें कि मानवता की रक्षा हेतु मानवीय मूल्यों को
अपने जीवन में सर्वोच्च स्थान देंगे।
Madhu priya
/teachersofbihar


19 अगस्त
पद्म भूषण से
सम्मानित हिन्दी
निबंधकार,
उपन्यासकार
हजारी प्रसाद द्विवेदी
की जयंती पर कोटि-
कोटि नमन।
19 अगस्त 1907 - 19 मई 1979
TEACHERS OF BIHAR
THE CHANGE MAKERS
Madhu priya
/teachersofbihar